## संक्षिप्त

### नेटबाल प्रतियोगिता का समापन

**मंडफिया**, (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भादसोड़ा में 69वीं जिला स्तरीय एवं 17 एवं 19 वर्षीय छात्र -छात्रा नेटबाल प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री उदयलाल आंजना एवं अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रशासक डॉ शम्भू सुथार ने की। 17 वर्ष में छात्र वर्ग में विजेता एम एकेडमी चित्तौड़गढ़ व उपविजेता करेड़िया रही व छात्रा वर्ग में विजेता एम एकेडमी चित्तौड़गढ़ व उपविजेता सुवानिया रही, 19 वर्षीय छात्र वर्ग में विजेता बागुण्ड व उपविजेता सेगवा एवं छात्रा वर्ग में विजेता बागुण्ड व उपविजेता सेगवा रही । मुख्य अतिथि उदयलाल आंजना ने सभी विजेताओ व उप विजेताओ टीमों को ट्राफी प्रदान की।

### हमले में महिला घायल

**उदयपुर**,(कासं)। आपसी विवाद में चाकू के हमले में महिला घायल। इस दौरान हमलावर भी गंभीर घायल हो गया। पुलिस से प्राप्त जानकरी के अनुसार शहर के घंटाघर थाना क्षेत्र सिघटवाड़ियों की सेहरी निवासी मनीषा पत्नी अशोक सोनी पर नाथद्वारा निवासी रवि सोनी पुत्र गणपत सोनी ने चाकू से हमला कर दिया। इस दौरान रवि भी गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। इस मामले में मनीषा की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। रवि सोनी मनीषा के मकान में दुकान किराए पर चलाता है। मंगलवार को किसी बात को लेकर विवाद हो गया था।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर**,(कासं)। जिले के झाड़ोल थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई तथा साथी युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में झाड़ोल थाना क्षेत्र खाकड़ रोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल गोगला नाल निवासी सुरेश पुत्र कमजी मीणा व साथी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां सुरेश की मौत हो गई। हेडकांस्टेबल रमेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

### बाइक से गिरने पर महिला की मौत

**उदयपुर**,(कासं)। वाघपुरा थाना क्षेत्र में बाइक से गिरने पर घायल महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात में दडिया फलरा से गोरिया पुला रोड़ पर बाइक से गिरने पर घायल सेलाना वाघपुरा निवासी देवली (56) पत्नी खातु डामोर को उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई राजेश मेहता ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। देवली अपने पुत्र की बाइक पर बैठ कर जा रही थी। जहां बीच रास्ते में हादसा हो गया था।

### बदमाशों ने महिला के जेवर लूटे

**उदयपुर**,(कासं)। गोगुन्दा कस्बे में बाइक सवार तीन बदमाश महिला के जेवर लूट ले गए।जानकारी के अनुसार 16 सितंबर को पीडिता फुटिया गोगुन्दा निवासी गंगाबाई पत्नी भगवती गायरी पैदल पैदल जा रही थी। जहां राडीजी मंदिर के पिछवाड़े में बाइक लेकर आए तीन बदमाशों में से एक ने गले पर झपट्टा मार कर सोने तीन मादलिये लूट ले गए। इसको देख चिल्लाने पर बचाव के में ग्रामीणों के आने तक लूट के आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# शहरी व ग्रामीण सेवा शिविर शुरू, हाथों हाथ मिली राहत

■ प्रभारी सचिव टी. रविकांत ने शिविरों का निरीक्षण किया

**उदयपुर/डूंगरपुर**, (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर सेवा के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से प्रदेश भर में बुधवार से सेवा पखवाड़ा के साथ शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविर अभियान का आगाज हुआ। इसी क्रम में उदयपुर जिले में भी जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शिविर हुए। इसमें आमजन की विभिन्न समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। जिले के प्रभारी सचिव एवं खान एवं भू विज्ञान विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी रविकांत भी बुधवार को उदयपुर पहुंचे। उन्होंने संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, जिला कलक्टर नमित मेहता सहित अन्य अधिकारियों के साथ शिविरों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उधर, केबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सांसद डॉ मन्नालाल रावत, विधायकगणों ने भी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में पहुंच कर हितधारकों को लाभ वितरण किए।

अभियान के तहत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम उदयपुर के वार्ड संख्या 4, 5, 66, 67 एवं 68 के लिए भण्डारी दर्शक मण्डप में शिविर हुआ। ग्रामीण क्षेत्र में गिर्वा तहसील में ग्राम पंचायत खरपीणा व काया, कुराबड़ तहसील की ग्राम पंचायत भैसडाकला व भैसडाखुर्द, तहसील बडगांव अंतर्गत कैलाशपुरी व सरे, मावली तहसील में लदानी व वासनीकला, तहसील घासा में ग्राम पंचायत घासा व मांगथला, तहसील वल्लभनगर में महाराज की खेडी व करणपुर, तहसील भीण्डर में खेरोदा व वाना, तहसील गोगुन्दा में काछबा व गोगुन्दा और तहसील सायरा में ग्राम पंचायत बोखाडा व विसमा में शिविर हुए। इसी प्रकार झाडोल तहसील की ग्राम पंचायत लुणावतों का खेड़ा व कंथारिया, फलासिया में आमलिया व बिछीवाडा, खेरवाडा तहसील की ग्राम पंचायत खानमीन व करनाउवा, तहसील नयागांव में डेरी व हर्षावाडा, ऋषभदेव तहसील की ग्राम पंचायत सागवाडा व जलपका तथा कोटडा तहसील में ग्राम पंचायत गउपीपला व ढेडमारिया में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे तथा विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन कराया। वहीं राजस्व से जुड़े प्रकरणों का भी निस्तारण किया गया। इसी प्रकार उदयपुर विकास प्राधिकरण कार्यालय परिसर में जोन प्रथम में बडगांव, चिकलवास, कटारा व पालड़ा, जोन द्वितीय में अंबेरी, भुवाणा, रूपनगर व सुखेर, जोनतृतीय में लकड़वास, मादडी पानेरियान, मादड़ी पुरोहितान व मनवाखेड़ा तथा जोन चतुर्थ में देवाली, गोवर्धनविलास, सवीना, सवीना खेड़ा के लिए दो दिवसीय शिविर प्रारंभ हुआ। जिले के प्रभारी सचिव टी. रविकांत ने शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने चेतक सर्कल स्थित भंडारी दर्शक मंडप में नगर निगम द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर का अवलोकन करते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि आमजन के छोटे-बड़े कार्यों का त्वरित समाधान इन शिविरों के माध्यम से हो। उन्होंने कैंप स्थल पर व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा आमजन को दी जा रही सुविधाओं के बारे में व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अभियान के तहत गुरूवार को नगर निगम उदयपुर के वार्ड संख्या 13, 14, 15, 16 व 17 के लिए शिविर पारस चौराहा स्थित मीरा कला मंदिर परिसर में आयोजित होगा। वहीं ठामीण क्षेत्र में गिर्वा तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खुजरी, बांरापाल, कुराबड़ क्षेत्र में जिंक स्मेल्टर व बिछडी, बड़गांव तहसील क्षेत्र में कविता व लखावली, मावली में गादोली व गोलवाडा, तहसील वल्लभनगर में गोटिपा व बालाथल, तहसील भीण्डर में कण्डुई व सिंहाड, तहसील गोगुन्दा में पाटीया व जसवन्तगढ, तहसील सायरा में सिंघाडा व नान्देशमा, तहसील झाडोल में मोहम्मद फलासिया व बदराणा, तहसील फलासिया में पानरवा व गुराड, तहसील खेरवाडा में परबिला व बंजारीया, तहसील नयागांव में देमत व गुडा, तहसील ऋषभदेव में कोजावाडा व भूधर तथा कोटड़ा तहसील क्षेत्र में ग्राम पंचायत कोटडा व निचला सुबरी में शिविर आयोजित होंगे।

**डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राजस्थान सरकार की ओर से शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ बुधवार को नगर परिषद प्रांगण में धूमधाम के साथ हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कनकमल कटारा, अध्यक्ष सभापति अमृत कलासुआ और विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल, उपसभापति सुदर्शन जैन और सभी पार्षद थे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभापति अमृत कलासुआ ने कहा कि आजादी के बाद देश को नई आर्थिक समृद्ध बनाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाडे के रूप में मनाया जा रहा है। इस दिन केक काटने जैसे कार्य नहीं करके शहर की आम जनता की सेवा के रूप में मनाया जा रहा है। इसके लिए 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक नगर परिषद से जुडे आमजन के हर कार्य को किया जाएगा।

इसके लिए राज्य सरकार की ओर से कुछ छूट और रियायत भी दी गई है। इस शिविर में एक ही मंच पर सारे प्रभाग के अधिकारी और कर्मचारी बैठकर शिकायत का समाधान करेंगे। जिससे लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। आयुक्त प्रकाश डूडी ने बताया कि शहर चलों अभियान में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत अंगीकार 2०25 अभियान का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसमें लाभार्थी परिवार जिन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना में अपना मकान पूर्ण कर लिया गया है। ऐसे में लोगों को डेढ लाख सांकेतिक चेक दिया गया। वही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयन होने के बाद 7 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में पचास हजार का चेक दिया गया। इसके अलावा मकान के पट्टे,नामांतरण सर्टिफिकेट और भू-रूपांतरण के बाद मकान निर्माण स्वीकृति के कागज प्रदान किए गए।

## शिविर में 2100 से अधिक यूनिट रक्तदान

**उदयपुर**, (कासं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के 61वें स्थापना दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर तेरापंथ युवक परिषद द्वारा उदयपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में 2100 से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ। शिविर का शुभारंभ भुवाणा स्थित महाप्रज्ञ विहार से हुआ। उदयपुर तेरापथ युवक परिषद के अध्यक्ष अशोक चोर्डिया बताया कि महाप्रज्ञ विहार में शिविर का शुभारंभ होने के बाद उदयपुर में विभिन्न 16 से अधिक स्थानों पर शिविर का आयोजन हुआ। रक्तदान शिविर के प्रभारी नीरज सामर ने कहा कि रक्तदान शिविर जिसमें आर.एन.टी. मेडिकल में 324 यूनिट, सरल ब्लड बैंक में 445 यूनिट, पेसिफिक हॉस्पीटल भीलों का बेदला 365, गीतांजलि हॉस्पीटल 55 यूनिट, लोकमित्र बूड बैंक 380 यूनिट जी.बी.एच. अमेरिकन हॉस्पीटल, बेडवास 142 यूनिट, अनन्ता हॉस्पीटल में 52 यूनिट, पेसिफिक हॉस्पीटल उमरड़ा में 309 यूनिट, झील ब्लड बैंक सागवाड़ा 126 यूनिट, हरिदेव जोशी बूड बैंक डूंगरपुर 30 यूनिट, एम.जी. हॉस्पीटल एण्ड ब्लड बैंक बांसवाड़ा में 9 यूनिट, रोटरी इन्टरनेशन ब्लड बैंक आबू रोड में 91 यूनिट रक्तदान हुआ तथा रात्रि में मादड़ी फय्युजन में केम्प चलता रहा। महाप्रज्ञ विहार में शिविर के शुभारंभ अवसर पर राजस्थान सरकार के केबिनेट मंत्री बाबुलाल खराड़ी, सहकारिता मंत्री गौतम दक, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, सांसद मन्नालाल रावत, विधायक ताराचंद जैन, विधायक फूलसिंह मीणा, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, जिला प्रमुख ममता कुंवर पंवार आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### मारपीट व लूट के मामले में 3 गिरफ्तार

**बांसवाड़ा**, (निसं)। आनंदपुरी थाना पुलिस ने शेरगढ़ में सोये हुए व्यक्ति से मारपीट कर लूट के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए मोबाईल व चांदी का कड़ा बरामद किया है। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोषी व एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के सुपरविजन व पुलिस उप अधीक्षक संदीप सिंह शक्तावत के निकट पर्यवेक्षण में थानाधिकारी कपिल पाटीदार के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। इस टीम ने प्रार्थी हीरालाल पुत्र देवचंद यादव निवासी टांडा द्वारा 4 मार्च को दी गयी रिपोर्ट के मामले में अनुसंधान किया। हीरालाल ने बताया कि वह अपने खेत में सिंचाई करने एवं मोटर की रखवाली के लिये सोया हुआ था तब तीन व्यक्ति चुपके से आये और मेरा गला दबाया व घायल कर दिया वहीं मोबाईल व हाथ में पहना चांदी का कडा ले गये। अनुसंधान करते हुए पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं जगह-जगह दबिष दी और आरोपी निलेष पुत्र दिनेष डोडियार निवासी चेलकारी, अरविन्द पुत्र रमेष डोडियार निवासी षेरगढ व सुनील पुत्र सोमजी पणदा निवासी षेरगढ़ को डिटेन कर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो तीनों ने लूट की घटना कारित करना स्वीकार किया। जिस पर तीनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया चांदी का कड़ा व मोबाइल बरामद किये।

### मवेशी चोरी मामले में चार पकड़े

**कपासन**, (निसं)। कपासन थाना क्षेत्र में मवेशी चोरी के एक मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी की गई दो भैंसें और दो पाड़ी बरामद की हैं। साथ ही, चोरी में इस्तेमाल किया गया बोलेरो पिकअप वाहन भी जब्त कर लिया गया है। मामला 11 अगस्त को सिंहपुर निवासी रतनलाल पुत्र ओंकार जाट द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट से संबंधित है। रतनलाल ने बताया था कि उनके खेत से रात में अज्ञात बदमाशों द्वारा 2 मुर्रा भैंसें और 2 मुर्रा पाड़ियां चोरी कर ली गई थीं। गठित टीम ने वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उन्होंने घटना को अंजाम देना कबूल किया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस ने चोरी की गई दोनों भैंसों और दोनों पाड़ियों को बरामद कर लिया है। इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है और अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों मेंगांव मावरा निवासी मुकेश (23), गांव दोलजी का खेड़ा निवासी किशनलाल (35), लालूराम उर्फ लालसिंह (35) और गांव देवरिया निवासी दिनेश (22) को गिरफ्तार किया गया है।

### वीसी मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग

**राजसमंद**, (निसं)। मोहनलाल सुखाडिया विवि की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा के औरंगजेब को कुशल प्रशासक व अकबर के महान राजा वाले बयान को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिला संयोजक गोपाल कुमावत ने बताया कि महाराणा प्रताप की वीरता और बलिदान की धरा पर इस प्रकार का वक्तव्य न केवल हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है बल्कि इतिहास के साथ भी गौर अन्याय है अकबर और औरंगजेब दोनों ने भारत की संस्कृति धर्म और स्वाभिमान को रौंदने का कार्य किया व अकबर ने साम्राज्य विस्तार के लिए आक्रामक नीतियाँ अपनाईं, जिनके विरोध में महाराणा प्रताप ने स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान की रक्षा हेतु आजीवन संघर्ष किया।

## मगरमच्छ का रेस्क्यू कर माही नदी लसाडा में छोड़ा

**बांसवाड़ा**, (निसं)। लोहारिया में युवाओं की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू कर सुरक्षित माही नदी में छोड़ा। हर्षित एन पंचाल ने बताया कि बडे स्कूल खेल मैदान के पास नहर में मगरमच्छ होने की सूचना पर 10-20 युवा सहित लोग मौके पर पहुंचे। जहां पर मगरमच्छ को रस्सी की सहायता से महेंद्र निनामा एवं युवाओं ने पकडा और लसाडा माही नदी मे छोड दिया।

लोहारिया वन नाका प्रभारी लालशंकर ने बताया कि बारिश के मौसम में या वन क्षेत्र की नजदीकी बस्तियों में वन्यजीव घुस आते है। उन्होंने आमजन से अपील की कि ऐसी स्थिति में वन विभाग को सूचित करे लोगों का कहना है कि वन विभाग हर गांव-कस्बे में युवाओ की टीम तैयार कर उनको प्रशिक्षित कर मान्यता के साथ कुछ मानदेय देकर रेस्क्यू के लिए तैयार रखे ताकि विकट स्थिति मे कार्य कर सके। रेस्क्यू कार्य में हर्षित पंचाल, देवीलाल भोई, रोहित भोई, गटु चरपोटा, गटु भाई, राजा सेन, पवन, खातु भाई, संजू भाई, ललित, पिंकी, राधिका, हर्षा, सुनीता ने सहयोग प्रदान किया।

## 5 सूने मकानों से 15 लाख के गहने व नगदी चोरी

**डूंगरपुर**, (निसं)। दोवडा थाना क्षेत्र के खेरमाल गांव में चोरों ने पुलिस की रात्रि गश्त को ठेंगा बताते हुए 5 सूने मकानों को अपना निशाना बनाया है। चोर इन 5 मकानों से करीब 15 लाख के सोने-चांदी के आभूषण और करीब 22 हजार की नगदी चुरा ले गए हैं। पीडित परिवार अहमदाबाद में रोजगार करता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दोवडा थाना पुलिस के अनुसार खेरमाल गांव निवासी वालेंग पटेलए गोपाल पटेलए वालजी पटेलए रमेश पटेल और कांतिलाल पटेल के परिवार अहमदाबाद में रोजगार करते है। 15 सितंबर की रात्रि को चोरों ने इनके सूने मकानों को अपना निशाना बनाया। सुबह वहां से गुजरने वाले लोगों ने मकानों के ताले टूटे देखे तो घटना की जानकारी पीडति परिवारों को दी। सूचना पर 16 सितंबर को पीडित परिवार अपने घर पहुंचे। जहां घरों में सामान बिखरा पडा था। चोर 5 घरों से करीब डेढ किलो चांदी के आभूषण और करीब 1० तोला सोने के आभूषण चुरा ले गए है। जिनकी कीमत करीब 15 लाख रुपए की बताई जा रही है। इसके साथ ही 22 हजार की नगदी और अन्य घरेलू सामान भी चुरा ले गए। पीडित परिवारों ने दोवडा थाना पुलिस को चोरी की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है,लेकिन डूंगरपुर जिले में बढती चोरी की वारदातों ने एसपी की ओर से जिले में अपराधों के नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विभिन्न ऑपरेशंस को ठेंगा सा बता दिया है। चोरी की बढती वारदातों से आमजन में आक्रोश व्याप्त है।


### कार्यालय नगर पालिका मावली, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक/न.पा.मा./भूमि-तामीर/2025-26/650 दिनांक : 17/09/2025

-:उज्रदारी सूचना:-

सर्व साधारण कोएतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा निर्माण स्वीकृति हेतु नगर पालिका में आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थी को माफिक नक्शा निर्माण स्वीकृति दिये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेजों प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र.सं. | पत्रावली संख्या | आवेदनकर्ता का नाम | पडौस की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | 05/2025-26/ भवन निर्माण स्वीकृति | श्रीमती सुनिता वैष्णव पत्नी प्रदीप वैष्णव निवासी उदयपुर रोड़ गायत्री नगर मावली, जिला उदयपुर (राज.) द्वारा राजस्व ग्राम मावली जिला उदयपुर में स्थित भुखण्ड क्षैत्रफल 1450 वर्गफीट | मिठु लाल भील का मकान | भगवती लाल तेली का मकान | 15 फीट आम रास्ता | वरदा जी का मकान |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मावली


## सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलगुरू माओवादियों से प्रभावित : खराड़ी

**उदयपुर**, (कासं)। कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि मोहनलाल सुखाड़िया विवि की कुलगुरु के बयान से लगता है कि वे माओवादियों से प्रभावित हैं। इस तरह का आचरण करने वाले कुलगुरु को बर्खास्त कर देना चाहिए। एक वीसी पहले भी यहां आया था जो गुलाबचंद कटारिया को जूते की माला पहनाने की बात कहीं,उनका क्या हाल हुआ सबको पता है।

उक्त बात बुधवार को उदयपुर के टाउनहॉल में आयोजित नेशनल ट्राइबल फूड फेस्टिवल में पहुंचे जनजाति मंत्री खराड़ी मीडिया से अनौपचारिक वार्ता में कहीं। विश्वविद्यालय में हुए हंगामे पर खराड़ी ने कहा- कुलपति खुद को इतिहास की जानकार समझती हैं। उन्हें इतिहास पढ़ना चाहिए। औरंगजेब सबसे अच्छा प्रशासक था तो क्या उन्हें नहीं पता कि वह क्या कर रहा था।खराड़ी ने कहा अगर आपको एक अच्छा प्रशासक देखना है, तो मेवाड़ में राणा सांगा को देखिए।

उनके पास केवल ढाई अक्षर हैं, फिर भी उन्होंने मेवाड़ में सबसे अच्छा शासन दिया।मंत्री ने कहा कि मेरा मानना है कि वह कहीं न कहीं माओवादियों से प्रभावित हैं। हमारे पूर्वजों के इतिहास का अध्ययन होना चाहिए और उदयपुर के निवासी इस मामले से बहुत नाराज़ हैं। उन्होंने कहा कि मैंने नाराज़ छात्रों को सलाह दी कि वे क़ानून अपने हाथ में न लें।हम सरकार को बताएंगे कि उनका आचरण अनुचित है। हम इतिहास का भी अध्ययन करते हैं। अगर वे आगे आए,बहस करें और इसे साबित करें तो हम इसे स्वीकार करेंगे। खराड़ी ने कहा कि एक वीसी पहले थे प्रोफेसर अमेरिका सिंह वे गुलाबचंद कटारिया के लिए कहते थे कि जूते की माला पहनाएंगे। पहना दी क्या, उनके क्या हालात हुए सबके सामने है। लोकतंत्र में लोकतंत्र की तरह की भाषा बोलनी चाहिए। खराड़ी ने कहा मैं सीएम से भी बात करूंगा, राज्यपाल को भी बताऊंगा। जब राज्यपाल कोटड़ा आए थे तब कुछ छात्रों ने उन्हें ज्ञापन देकर कहा था कि उनका आचरण ठीक नहीं है।

## दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल बांटी

**उदयपुर**, (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर पावर फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सीएसआर के तहत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम की ओर से राजस्थान विद्यापीठ के श्रमजीवी महाविद्यालय प्रांगण में दिव्यांगजन को मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल वितरण समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद मन्नालाल रावत, ग्रामीण विधायक फुलसिंह मीणा, कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, कार्यकारी निदेशक अली शाह, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड, महामंत्री पारस सिंघवी, देवीलाल सालवी, प्रबंध निदेशक हरीश ने किया। साईकिल पाते ही सभी दिव्यांगजनों के चेहरे खिल गये और सभी ने एक स्वर से इस बेहतरिन तोफहे लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया और उन्हे पत्र लिखने का संकल्प लिया। निदेशक अली शाह ने बताया कि इस मौके पर 42 लाख रूपये की लागत से बनी 70 दिव्यांगजन को साईकिलों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। संस्था द्वारा अब तक 90 लाख रूपये के उपरण वितरित कर चुका है। बेट्री से चलने वाली इस साईकिल में किसी प्रकार का कोई व्यय नहीं होगा । इस अवसर पर सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने हर वर्ग को देश की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया है।


### कार्यालय नगरपालिका मावली, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक :- न.पा.मा./भूमि-तामीर/2025-26/653 दिनांक: 17.9.25

- : उज्रदारी सूचना :-

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा उपविभाजन/ निर्माण स्वीकृति/नामान्तरण हेतु नगरपालिका में आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रार्थी को माफिक नक्शा उपविभाजन, निर्माण स्वीकृति, नामान्तरण दिये जाने के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो मय दस्तावेजों प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | पत्रावली संख्या | आवेदनकर्ता का नाम | पड़ौस की स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | 05/2025-26 (उपविभाजन) | श्रीमती पुनम वैष्णव पति श्री मंगलदास वैष्णव निवासी-भीलवाड़ा रोड़ बापू बाजार आमेट त. आमेट जिला राजसमंद हॉल मुकाम इन्द्रजीत कॉलोनी मावली जिला उदयपुर (राज.) द्वारा योजना इन्द्रजीत कॉलोनी राजस्व ग्राम मावली जिला उदयपुर (राज.) में स्थित भुखण्ड संख्या 20 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट | आम रास्ता 17 फिट | शंकर जी टेलर का मकान | आम रास्ता 14 फिट | भुखण्ड संख्या 20 |
| 2. | 05/2025-26 (नामान्तरण) | श्रीमती पुनम वैष्णव पति श्री मंगलदास वैष्णव निवासी-भीलवाड़ा रोड़ बापू बाजार आमेट त. आमेट जिला राजसमंद हॉल मुकाम इन्द्रजीत कॉलोनी मावली जिला उदयपुर (राज.) द्वारा योजना इन्द्रजीत कॉलोनी राजस्व ग्राम मावली जिला उदयपुर (राज.) में स्थित भुखण्ड संख्या 20 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट | आम रास्ता 17 फिट | शंकर जी टेलर का मकान | आम रास्ता 14 फिट | भुखण्ड संख्या 20 |
| 3. | 06/2025-26 (भवन निर्माण स्वीकृती) | श्रीमती पुनम वैष्णव पति श्री मंगलदास वैष्णव निवासी-भीलवाड़ा रोड़ बापू बाजार आमेट त. आमेट जिला राजसमंद हॉल मुकाम इन्द्रजीत कॉलोनी मावली जिला उदयपुर (राज.) द्वारा योजना इन्द्रजीत कॉलोनी राजस्व ग्राम मावली जिला उदयपुर (राज.) में स्थित भुखण्ड संख्या 20 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट | आम रास्ता 17 फिट | शंकर जी टेलर का मकान | आम रास्ता 14 फिट | भुखण्ड संख्या 20 |

नोट :- प्रार्थी द्वारा उपविभाजन, निर्माण स्वीकृति, नामान्तरण चाहा गया है। उक्त भुखण्ड पर किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उपविभाजन पश्चात् निर्माण स्वीकृती व नामान्तरण की कार्यवाही भी कर दि जावेगी। अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, मावली


## भीम में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

भीम, (निसं)। अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद भीम द्वारा बुधवार को मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के अंतर्गत रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया ।जिसमें तेरापंथ युवक परिषद भीम की संपूर्ण टीम गत कई दिनों से रक्तदान करने वाले रक्त दाताओं से संपर्क कर शिविर में ब्यावर अमृत कौर हॉस्पिटल डॉक्टर मुकेश भागवत ने टीम के सदस्यों द्वारा सफल रक्तदान शिविर रक्त दानदाताओं से रक्तदान कराया गया ।शिविर प्रात 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक 100 से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में क्षित्रय विधायक हरि सिंह रावत ने भी अवलोकन किया एवं भीम थाना अधिकारी भंवरलाल कुमावत रक्तदान शिविर में पहुंच कर हौसला अफजाई की इस दौरान तेरापंथ सभा अध्यक्ष गोकलचंद मुणोत वर्धमान जैन स्थानक संघ अध्यक्ष सुरेश प्रकाश मेहता सर्राफा संघ अध्यक्ष बाबूलाल कोठारी तेरापंथ युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं तेरापंथ सभा के मंत्री महेंद्र कोठारी वस्त्र व्यापार संघ अध्यक्ष रतनलाल लोढ़ा तेरापंथ युवक परिषद भीम के अध्यक्ष गौरव भटेवरा,मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव संयोजक किरण गन्ना तेरापंथ सभा एवं तेरापंथ युवक परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे रक्तदान करने वालों को प्रशांति पत्र एवं मोमेंटो दुपट्टा पहनकर तेरापंथ युवक परिषद द्वारा सम्मान किया गया रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी रक्तदान करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया

# रिजल्ट के रुप में परिलक्षित हो राजस्व संग्रहण के ठोस प्रयास : टी. रविकान्त

**उदयपुर**, (कासं)। राज्य के खान एवं भूविज्ञान विभाग ने राजस्व वसूली की कवायद तेज करते हुए राजस्व संग्रहण पर खास फोकस किया है। प्रमुख सचिव खान एवं भूविज्ञान विभाग टी. रविकान्त ने अधिकारियों से कहा है कि विभागीय राजस्व वसूली के ठोस प्रयास परिलक्षित होने के साथ ही बकाया राशि की भी समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा, पुराना बकाया राशि की वसूली के लिए राज्य सरकार ने एमनेस्टी योजना लागू करते हुए आकर्षक रियायतें दी है ऐसे में बकायादारों से समन्वय बनाते हुए वसूली के ठोस प्रयास करें। एमनेस्टी योजना की बकायादारों तक प्रभावी तरीके से जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें एमनेस्टी योजना का लाभ उठाने को प्रोत्साहित किया जाएं। प्रमुख सचिव टी. रविकान्त बुधवार को उदयपुर के खनिज भवन में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने आरसीसी-ईआरसीसी ठेकों की मासिक किश्तों की भी माह के प्रथम सप्ताह में ही वसूली करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पुरानी बकाया, चालू बकाया और अवैध खनन गतिविधियों पर कार्रवाई के दौरान लगाये गये जुर्माना राशि की शत-प्रतिशत राशि वसूली पर जोर दिया। चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार द्वारा विभागीय राजस्व संग्रहण के लक्ष्यों में अधिक बढ़ोतरी की है पर हमें समन्वित प्रयास करते हुए लक्ष्यों के अनुसार शत प्रतिशत राजस्व संग्रहण करना होगा। उन्होंने कहा कि वसूली के प्रयास किये जा रहे हैं, हो जाएगी आदि आदि नहीं अपितु वसूली के ठोस प्रयास रिजल्ट के रुप में परिलक्षित होने चाहिए। रविकान्त ने मेजर मिनरल ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान के पहले पायदान पर होने के लिए विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि हमें इस गति को बनाये रखने के साथ ही माइनर मिनरल प्लॉटों के ऑक्शन में भी तेजी लानी होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का स्पष्ट संदेश है कि खनिज सेक्टर में राजस्थान को देश में अग्रणी प्रदेश बनाना है। उन्होंने विभागीय डीएमजीओएमएस सिस्टम को और अधिक प्रभावी बनाते हुए विभागीय कार्यों को पेपरलेस बनाने पर जोर दिया।

अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय महेश माथुर ने विश्वास दिलाया कि विभाग मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार के निर्देशन व मार्गदर्शन में कार्य करते हुए माइनिंग सेक्टर में नए आयाम स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि विभाग के मोनेटरिंग सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है वहीं फील्ड अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए अन्य कार्यों सहित राजस्व लक्ष्यों की पूर्ति के समन्वित प्रयास किये जाएंगे। वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा ने बताया कि विभागीय राजस्व संग्रहण की दैनिक मोनेटरिंग आरंभ कर दी है और प्रगति से राज्य सरकार को अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनपेक्षित कारणों से विभागीय राजस्व संग्रहण प्रभावित हुआ है जिसे आने वाले समय में पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में अधीक्षण खनि अभियंता डॉ. धर्मेन्द्र लोहार, भीम सिंह, कमलेश्वर बारेगामा, सतीश आर्य, अधीक्षण भूवैज्ञानिक गोपाला राम, नितिन चौधरी, एसीपी जयेश नीनामा सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## 'एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से ना रहे वंचित'

**उदयपुर**, (कासं)। जिला कलेक्टर नमित मेहता बुधवार को खैरवाड़ा उपखण्ड के दौरे पहुँचे, जहां पंचायत समिति की करनाउवा ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का उन्होंने अवलोकन किया। शिविर में मौजूद कर्मचारियों से विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर संबोधित करते हुए कलेक्टर मेहता ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि इन शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक आमजन को योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने शिविर से संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे प्रोएक्टिव माइंडसेट के साथ कार्य करें। शिविर से पूर्व संबंधित क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर उन्हें आमंत्रित करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इनसे लाभान्वित हो सकें। उन्होंने आमजन से कहा कि वे अपनी पड़ोसी ग्राम पंचायत में आयोजित कैंप में भी सेवाओं का लाभ ले पाएंगे। शिविर में संबोधित करते हुए खैरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नानालाल अहारी ने कहा कि शिविरों के माध्यम से कई विभागों के अनेक कार्य आमजन तक पहुँच रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें।


### कार्यालय ग्राम पंचायत कानूवाडा पं.स. ऋषभदेव, जिला-उदयपुर

क्रमांक:-एफ( )/ग्रापंका/लेखा/ई-निविदा/2025/78 दिनांक-12.09.2025

-: ई-निविदा सूचना :-

ग्राम पंचायत कानूवाडा में जीपीडीपी योजना में स्वीकृत कार्यो हेतु निर्माण कार्य एवं दोष निवारण के लिए उपर्युक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग व नगर निगम में पंजीकृत संवेदक एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/ केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/ रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदको, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है निविदा एवं विस्तृत शर्ते कार्यालय दिवस में कार्यालय में एवं टेण्डर डॉक्युमेंट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देख सकते है।

UBN NO- ZUD202526WSOBO1944
ZUD202526WSOBO1945

प्रशासक
ग्राम पंचायत कानूवाडा
पं.स. ऋषभदेव
जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कानूवाडा
पं.स. ऋषभदेव
जिला-उदयपुर